भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 3966**

उत्तर देने की तारीख : 25.03.2025

## एडीआईपी योजना

3966. श्री एस. जगतरक्षकन :

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सहायता उपकरणों के वितरण हेतु एडीआईपी योजना के अंतर्गत अनुदान के आवंटन में कमी की है अथवा देरी की है;

(ख) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान इस योजना के अंतर्गत कितनी निधियों का आवंटन और उपयोग किया गया;

(ग) क्या तमिलनाडु ने ग्रामीण जिलों में सहायक उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सहायता का अनुरोध किया है; और

(घ) यदि हां, तो राज्य के विशेषकर वंचित क्षेत्रों में सहायक उपकरणों की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

(क) और (ख): सहायक यंत्रों/उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता की योजना (एडिप योजना) केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। एडिप योजना के अंतर्गत निधियों का राज्य-वार आबंटन नहीं किया जाता है। एडिप योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बजट अनुमान (बीई) और वास्तविक व्यय (एई) निम्नानुसार है:-

| वित्तीय वर्ष | बजट अनुमान (रूपये करोड़ में) | वास्तविक व्यय (रूपये करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2023-24 | 245.00 | 290.60 |

(ग) और (घ): एडिप योजना के अंतर्गत, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को)/राष्ट्रीय संस्थानों/समेकित क्षेत्रीय केन्द्रों/दीन दयाल पुनर्वास केन्द्रों/गैर-सरकारी संगठनों आदि जैसी विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों को सहायता अनुदान जारी किया जाता है। तमिलनाडु राज्य से ग्रामीण जिलों में सहायक उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सहायता हेतु ऐसा कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। एलिम्को पूरे भारत में एडिप योजना की प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसी है। जहां तक एलिम्को का संबंध है, सहायक यंत्रों और उपकरणों की पहुंच और वितरण का विस्तार करने के लिए निगम ने चेन्नई और मदुरै में प्रधान मंत्री दिव्याशा केंद्र (पीएमडीके) खोला है, जो वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों द्वारा सहायक यंत्रों और उपकरणों का लाभ उठाने के लिए वॉक-इन सेंटर हैं। निगम ने सहायक यंत्रों और उपकरणों का लाभ प्रदान करने के लिए चेन्नई में एलिम्को का क्षेत्रीय विपणन केंद्र भी खोला है। इसके अलावा, निगम राज्य सरकार के साथ तेजी से समन्वय में है ताकि एडिप योजना के प्रावधान के तहत शिविर आयोजित किए जा सकें। निगम ने एडिप योजना के प्रावधान के तहत शिविर आयोजित करने के लिए तमिलनाडु राज्य में चिन्हित आकांक्षी ब्लॉकों के जिला प्रशासन से भी संपर्क किया है।

*****